राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## कुलाधिपति श्री बागडे ने जारी किए नियुक्ति आदेश

### राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर में डॉ . सुमंत व्यास कुलगुरु नियुक्त

जयपुर, 4 सितंबर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर डॉ. सुमंत व्यास को राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है। श्री बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है।

कुलगुरु पद पर यह नियुक्ति डॉ. सुमंत व्यास के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की गई है।

———

## कुलाधिपति श्री बागडे ने जारी किए नियुक्ति आदेश

### वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा में प्रो. बी. एल. वर्मा कुलगुरु नियुक्त

जयपुर, 4 सितंबर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर प्रो.बी.एल. वर्मा को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है। श्री बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है।

कुलगुरु पद पर यह नियुक्ति प्रो. बी.एल. वर्मा के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

———